**राजस्थान सरकार**
**नगरीय विकास विभाग**

**क्रमांकः प. 4(25)नविवि/2025—13233—7253230** **जयपुर, दिनांकः यथा हस्ताक्षरित**

**—:आदेश:—**

नवगठित नगर विकास न्यास, बालोतरा एवं दौसा—बांदीकुई हेतु वित्त विभाग की आई.डी. संख्या 172500896 एवं 172500897 दिनांक 28.04.2025 द्वारा नवीन पदों के सृजन की प्रदान की गई सहमति के अलावा निम्न नवीन पद नियमों में निर्धारित योग्यता, सेवा शर्तों एवं पे—लेवल के अनुसार सृजन की सहमति एतद्द्वारा प्रदान की जाती हैः—

| क्र. सं. | पदनाम | भर्ती का माध्यम | बालोतरा तथा दौसा—बांदीकुई, नगर विकास न्यास प्रत्येक हेतु सृजित किये जाने वाले पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | तहसीलदार | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 2 | भू अभिलेख निरीक्षक | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| 3 | पटवारी | प्रतिनियुक्ति | 1 |
| | **योग** | | **3** |

शर्ते :—

1. नगर विकास न्यास, बालोतरा तथा दौसा—बांदीकुई में उपरोक्त स्वीकृत नवीन पद नियमों में निर्धारित योग्यता, सेवा शर्ते एवं पे लेवल के अनुसार सृजित किये जायेंगें।
2. उक्त नवीन सृजित पद राजस्व विभाग/राजस्व मंडल की स्वीकृति/अनुमति के उपरान्त प्रभावशील होगें।
3. नगर विकास न्यास, बालोतरा तथा दौसा—बांदीकुई हेतु उपरोक्तानुसार सृजित किये जाने वाले पदों का वित्तीय भार संबंधित न्यास द्वारा ही वहन किया जावेगा। राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार की कोई सहायता/अनुदान राशि उपलब्ध नहीं कराई जावेगी।
4. नगर विकास न्यास, बालोतरा तथा दौसा—बांदीकुई हेतु उपरोक्तानुसार सृजित किये जाने वाले पदों पर नियुक्ति न्यास के सेवा नियमों के अनुसार की जावेगी।

यह स्वीकृति वित्त (व्यय—3) विभाग की आई.डी. संख्या 172501955 दिनांक 25.08.2025 के द्वारा प्रदत्त सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

**(राकेश कुमार—I)**
**शासन उप सचिव—तृतीय**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, अध्यक्ष, राजस्व मंडल, राजस्थान अजमेर।
5. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (व्यय—3) विभाग को आई.डी. संख्या 172501955 दिनांक 25.08.2025 के क्रम में।
6. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, दौसा।
8. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बालोतरा।
9. सचिव, नगर विकास न्यास, बालोतरा।
10. सचिव, नगर विकास न्यास, दौसा—बांदीकुई।
11. प्रोगामर, नगरीय विकास विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
12. रक्षित पत्रावली।

**शासन उप सचिव—तृतीय**

Signature Not Verified
Digitally Signed by Rakesh Kumar I
Designation : Deputy Secretary To Government
Date :03-09-2025 11:08:26

RajKaj Ref No.: 17395339
eSign DSC